05/03/2025

आकाशवाणी ईटानगर

स्वास्थ्य मंत्री बियुराम वाहगे द्वारा गैस्ट्रिक कैंसर के कारणों और इसकी रोकथाम के अध्ययन की दिशा में एक प्रयास के तहत, कल जीरो के ग्याति तक्का जनरल अस्पताल में गैस्ट्रिक कैंसर महामारी विज्ञान और जोखिम अध्ययन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर, स्वास्थ्य मंत्री ने चार दिवसीय गैस्ट्रिक कैंसर स्क्रीनिंग कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया। कैंसर स्क्रीनिंग कार्यक्रम का आयोजन डॉ. बी. बोरूआ कैंसर संस्थान, गुवाहाटी द्वारा अरुणाचल प्रदेश की स्टेट कैंसर सोसायटी, नाहरलागुन और जीरो के ग्याति तक्का जनरल अस्पताल के सहयोग से किया जा रहा है। इस पहल को जिला प्रशासन, लोअर सुबनसिरी जिला और सामुदायिक सलाहकार बोर्ड का समर्थन प्राप्त है। स्वास्थ्य मंत्री ने टीबी एसोसिएशन ऑफ इंडिया की पहल **'एक्शन अगेंस्ट स्टिग्मा'** अभियान का भी शुभारंभ किया।

0000000000000000000000000

शहर को अधिक स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के लिए मेयर तामे फासांग ने कल ईटानगर नगर निगम के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड 1 से 12 तक का व्यापक निरीक्षण किया और सफाई अभियान में शामिल हुए। निरीक्षण के दौरान मेयर ने साफ-सफाई बनाए रखने के महत्व पर जोर द्तेते हुए चेतावनी दी कि सभी दुकानों में डस्टबिन होना अनिवार्य हैं। मेयर ने लोगों से सफाई प्रयासों में सक्रिय रूप से सहयोग करने का आह्वान किया और जोर देकर कहा कि स्वच्छ और हरित राजधानी बनाए रखना हम सब की अपनी जिम्मेदारी है।

0000000000000000000000

राज्य के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री न्यातो दुकोम द्वारा कल पासीघाट में ओयान बाने गुमिन देरे का उद्घाटन करते हुए इस बात पर प्रकाश डाला कि, मुख्यमंत्री पेमा खांडू के नेतृत्व में राज्य सरकार की सक्रिय विकास पहलों ने ईस्ट सियांग जिले के रुकसिन सब डिविजन के अंतर्गत एक प्रमुख प्रशासनिक सर्किल सिले-ओयान सहित पूरे राज्य को बदल दिया है। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने लोगों के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन को समृद्ध बनाने में सामुदायिक हॉल (देरे) की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और विकास के लिए समर्थन का आश्वासन दिया।

00000000000000000000

कृषि विज्ञान केंद्र तवांग द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए वैज्ञानिक सलाहकार समिति (एसएसी) की बैठक आज ज़ोम्खांग हॉल में हुई, जिसमें तवांग उपायुक्त कांगकी दारांग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस बैठक में प्रधान वैज्ञानिक (मत्स्य पालन), गोगामुख, असम के डॉ. दीपज्योति बरुआ, ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। बैठक के दौरान, केवीके तवांग के एसएमएस द्वारा वार्षिक रिपोर्ट और आगामी कृषि सत्र के लिए कार्य योजना प्रस्तुत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने केवीके में टीम वर्क के महत्व पर जोर दिया और अधिकारियों से कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए संबंधित विभागों को प्रभावी तकनीकी सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करने का आग्रह किया।

00000000000000000000

अत्यधिक सर्दी की स्थिति में पशुपालकों को सहायता प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, कल तवांग जिले के ज़ेमीथांग में कृषि वैज्ञानिक भर्ती बोर्ड, नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार द्वारा एक चारा बैंक का उदघाटन किया गया। कार्यक्रम में तवांग के उपायुक्त, कांकी दारांग भी उपस्थित रहे। इस पहल का उद्देश्य अत्यधिक ठंड के मौसम में पशुओं के लिए पर्याप्त चारा आपूर्ति सुनिश्चित करना है, जिससे किसानों को अपने पशुओं के स्वास्थ्य और उत्पादकता को बनाए रखने में सहायता मिल सके।

0000000000000000000

ईस्ट सियांग उपायुक्त तायी ताग्गू ने आज पासीघाट के हाई-रीजन इलाके में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के 'स्टोररूम कम टेक्निकल वॉर्कशोप' के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया, जिसे ईस्ट सियांग आरडब्ल्यूडी विभाव द्वारा निष्पादित की जा रहा है। इस अवसर पर उपायुक्त सहित डिप्रो, एई-आरडब्ल्यूडी, कॉनट्रेक्टर एवं आईपीआर अधिकारियों भी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने निष्पादन एजेंसी की सराहना की और कहा कि आरडब्ल्यूडी ने गुणवत्ता से समझौता किए बिना समय पर काम पूरा कर लिया है।

0000000000000000000000

ऑल तांगसा महिला कल्याण सोसायटी द्वारा योबिन वेलफेयर सोसायटी (महिला विंग) के सहयोग से आयोजित एक दिवसीय कानूनी जागरूकता कार्यक्रम में अरुणाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग (एपीएससीडब्ल्यू) की टीम ने भाग लिया, जिसे अरुणाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा विजयनगर के कमेटी हॉल में प्रायोजित किया गया था। कार्यक्रम में एपीएससीडब्ल्यू की अध्यक् कैंजुम पाकाम ने बताया कि सरकार हर संभव विकास को हर जन तक सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबंध हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को स्थिरता के लिए स्वयं सहायता समूह पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

0000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने राज्य के कामले, लोअर सुबनसिरी, पापुमपारे, वेस्ट सियांग, अपर सुबनसिरी, लेपारादा, ईस्ट सियांग, लोअर दिबांग वैली, आंजाव, लोहित और नामसाई जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने अगले 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है।

000000000000000000

और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट के दूसरे सेमीफाइनल में न्यूजिलैंड ने तीन सौ तिरसठ रनों का लक्ष्य रखा है। अंतिम समाचार मिलने तक साऊथ अफ्रिका ने ------ ऑवर में ----- विकट के नुकसान पर …….. रन बना लिए हैं। फाइनल रविवार को होगा।